## संपादकीय

### धनी-मानी लोग जेल में!

आईसीआईसीआई बैंक लोन धोखाधड़ी मामला धीरे-धीरे एक ऐसे कांड के रूप में उभर कर सामने आया है, जिसमें 'जेल रेखा' से ऊपर समझे जाने वाले लोग गिरफ्तार किए गए हैं। ताजा गिरफ्तारी वीडियोकॉन ग्रुप के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत की हुई है।
भारत में ऐसा कम ही होता है कि कोराबार जगत के रसूखदार लोगों तक कानून के हा पहुंचे। इसीलिए जब ऐसा होता है, तो सहज यकीन नहीं होता कि सचमुच कानून अपना काम कर रहा है। बहरहाल, आईसीआईसीआई बैंक लोन धोखाधड़ी मामला धीरे-धीरे एक ऐसे कांड के रूप में उभर कर सामने आया है, जिसमें 'जेल रेखा' से ऊपर समझे जाने वाले लोग गिरफ्तार किए गए हैं। ताजा गिरफ्तारी वीडियोकॉन ग्रुप के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत की हुई है। इससे पहले चंदा कोचर और उनके पति गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आईसीआईसीआई बैंक की सीईओ और प्रबंध निदेशक चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने चंदा कोचर और उनके पति पर 2012 में वीडियोकॉन समूह को बैंक को दिए गए कर्ज के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। 71 साल के धूत को वीडियोकॉन समूह की कंपनियों को आईसीआईसीआई बैंक से मंजूर ऋण में कथित धोखाधड़ी और अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में 1,730 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी होने का आरोप है। इल्जाम है कि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ने ट्रेंड इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, सेंचुरी अप्लायंसेज लिमिटेड, कैल लिमिटेड, वैल्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड और इवान फ्रेजर एंड कंपनी इंडिया लिमिटेड को लगभग 3,250 करोड़ रुएये की क्रेडिट सुविधाओं को मंजूरी दी। ये सभी कंपनियां वेणुगोपाल धूत के वीडियोकॉन ग्रुप से संबंधित थीं। कोचर को करोड़ों रुपए के इस धोखाधड़ी मामले के कारण 2018 में आईसीआईसीआई बैंक में अपने पद से हटना पड़ा था। तब उन्होंने अपने और अपने पति के खिलाफ सभी आरोपों से इनकार किया था। जाहिर है, धूत भी ऐसा ही करेंगे। इसलिए अब इस मामले की जांच कर रही सीबीआई के सामने चुनौती अपने आरोपों को कोर्ट में साबित करने की होगी। यह भी क अनुभव है कि रसूखदार लोगों के खिलाफ अगर कभी जांच एजेंसियां कार्रवाई शुरू भी करती हैं, तो अदालत से ऐसे लोग बच निकलते हैं। बहरहाल, यह अवश्य ध्यान में रखना होगा कि इस कार्रवाई से ऐसा संदेश ना जाए कि कारोबारी जानबूझ कर निशाना बनाए जा रहे हैं। इसलिए सारी कार्यवाही ठोक-बजा कर आगे बढ़ाई जानी चाहिए।

### नव वर्ष



प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम गरियाबंद
छत्तीसगढ़

शुभ दिवस मन में हर्षोल्लास नई उमंग।।
शुभकामना उन्नति सदमार्ग बढ़ते रहें।।
प्रेम बाँटते भूल जाएँ वेदना प्रेम ही प्रेम।।
है नव वर्ष तारीख बदलतीं रूटीन नहीं
अंग्रेजी माह बधाई ही बधाई हिन्दू मनाते।।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

### भोले संग मुस्कुराता चल



कार्तिकेय कुमार
त्रिपाठी राम
गांधीनगर इन्दौर
मध्यप्रदेश

धरा रची है जिस भोले ने,
उसको शीश नवाता चल ,
अपना-अपना छोड़ दें तू भी,
सबका साथ निभाता चल।
धरा रची है .....
गज-दो-गज काफी होता है,
भोले से मिल जाने को,
तू क्यूं डोला करता इतना,
ज़मीं नापता रहता है ।
धरा रची है ....
जो भी पाता प्रेम से पाले,
हवा,पानी तो मिलता है,
भोले जब संग-साथ चलें तो,
क्यूं दुनिया से डरता है ।
धरा रची है ....
पाप-पुण्य तो इसी धरा पर,
कर्मों से बदला करते,
आसमान की बातें तो बस,
चांद-सितारे ही करते।
धरा रची है ...
मन को मार न तू दुनिया में,
सब कुछ मन की करता चल,
देख रहे हैं भोले तुझको,
तू भी अब मुस्काता चल ।
धरा रची है ...

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# इसरो:उपलब्धि से बढ़ीं उम्मीदें

वर्ष 2022 में भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र खासकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में काफी सफलता हासिल की है।
पिछले एक साल में भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से बदल रहा है। पिछले दिनों इसरो ने भारत के पहले निजी रॉकेट 'विक्रम-एस' का श्रीहरिकोटा में सफल प्रक्षेपण किया था। एक और अभियान में इसरो ने हाल में ही पीएसएलवी-सी54 के जरिए ओशनसैट-3 और आठ लघु उपग्रह- भूटानसैट, पिक्सेल का 'आनंद', ध्रुव अंतरिक्ष के दो थायबोल्ट और स्पेसफ्लाइट यूएसए के चार एस्ट्रोकास्ट-लॉन्च किए। अक्टूबर महीनें में इसरो ने ब्रिटिश कंपनी वनवेब के लिए 36 कृत्रिम उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करके एक बड़ी सफलता हासिल की थी।
इसरो ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में काफी सफलता हासिल कर लिया है, लेकिन अब समय आ गया है जब इसरो व्यावसायिक सफलता के साथ अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की तरह अंतरिक्ष अन्वेषण पर भी ध्यान दे। इसरो को अंतरिक्ष अन्वेषण और शोध के लिए दीर्घकालिक रणनीति बनानी होगी, क्योंकि जैसे-जैसे अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी अंतरिक्ष अन्वेषण बेहद महत्त्वपूर्ण होता जाएगा। इस काम इसके लिए सरकार को इसरो का सालाना बजट भी बढ़ाना पड़ेगा, जो फिलहाल नासा के मुकाबले काफी कम है। भारी विदेशी उपग्रहों को अधिक संख्या में प्रक्षेपित करने के लिए अब हमें पीएसएलवी के साथ-साथ जीएसएलवी रॉकेट का भी उपयोग करना होगा।
पीएसएलवी अपनी सटीकता के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है, लेकिन ज्यादा भारी उपग्रहों के लिए जीएसएलवी का प्रयोग अब बहुतायत में करना होगा। वैसे तो भारत के पहले सफल चंद्र मिशन और मंगल मिशन के बाद से ही इसरो व्यावसायिक तौर पर काफी सफल रहा है और इसरों के प्रक्षेपण की बेहद कम लागत की वजह से दुनिया भर के कई देश अब इसरो से अपने उपग्रहों की लांचिंग करा रहे हैं। अंतरिक्ष बाजार में भारत के लिए संभावनाएं बढ़ रही है, इसने अमेरिका सहित कई बड़े देशों का एकाधिकार तोड़ा है। पिछले दिनों दुश्मन मिसाइल को हवा में ही नष्ट करनें की क्षमता वाली इंटरसेप्टर मिसाइल का सफल प्रक्षेपण इस बात का सबूत है कि भारत बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा तंत्र के विकास में भी बड़ी कामयाबी हासिल कर चुका है।
दुश्मन के बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में ही ध्वस्त करने के लिए भारत ने सुपरसोनिक इंटरसेप्टर मिसाइल बना कर दुनिया के विकसित देशों की नींद उड़ा दी है। एक समय ऐसा भी था जब अमेरिका ने भारत के उपग्रहों को



लांच करने से मन कर दिया था। आज स्थिति ये है कि अमेरिका सहित तमाम देश खुद भारत के साथ व्यावसायिक समझौता करने को इच्छुक हैं। अब पूरी दुनिया में सेटेलाइट के माध्यम से टेलीविजन प्रसारण, मौसम की भविष्यवाणी और का दूरसंचार का क्षेत्र बहुत तेज गति से बढ़ रहा है और चूंकि ये सभी सुविधाएं उपग्रहों के माध्यम से संचालित होती हैं। इसलिए संचार उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने की मांग में बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि इस क्षेत्र में चीन, रूस, जापान आदि देश प्रतिस्पर्धा में हैं, लेकिन यह बाजार इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि यह मांग उनके सहारे पूरी नहीं की जा सकती।
ऐसे में व्यावसायिक तौर पर यहां भारत के लिए बहुत संभावनाएं है। कम लागत और सफलता की गारंटी इसरो की सबसे बड़ी ताकत है जिसकी वजह से स्पेस इंडस्ट्री में आने वाला समय भारत के एकाधिकार का होगा। याद करिए कि नवम्बर 2007 में रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकॉसमॉस ने कहा था कि वह चंद्रयान-2 प्रोजेक्ट में भारत के साथ काम करते हुए इसरो को लैंडर देगा। जनवरी 2013 में लॉन्चिंग तय थी, लेकिन रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रॉसकॉसमॉस लैंडर नहीं दे पाई या नहीं दिया। बाद में भारत ने खुद अपना लैंडर-रोवर बनाया। इस बात से यह साफ हो गया कि हमारे वैज्ञानिक किसी के मोहताज नहीं हैं। वे कोई भी मिशन पूरा कर सकते हैं। अब तो अमेरिका भी अपने सैटेलाइट लॉन्चिंग के लिए भारत की लगातार मदद ले रहा है, जो अंतरिक्ष बाजार में भारत की धमक का स्पष्ट संकेत है। वास्तव में नियमित रूप से विदेशी उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण 'भारत की अंतरिक्ष क्षमता की वैश्विक अभिपुष्टि' है। अमेरिका की फ्यूट्रान कॉरपोरेशन की एक शोध रिपोर्ट भी बताती है कि अंतरिक्ष जगत के बड़े देशों के बीच का अंतरराष्ट्रीय सहयोग रणनीतिक तौर पर भी सराहनीय है।
वास्तव में इस क्षेत्र में किसी के साथ सहयोग या भागीदारी सभी पक्षों के लिए लाभदायक स्थिति है। इससे बड़े पैमाने पर लगने वाले संसाधनों का बंटवारा हो जाता है। खासतौर पर इसमें होने वाले भारी खर्च का। यह भारतीय अंतरिक्ष उद्योग की वाणिज्यिक प्रतिस्पर्धा की श्रेष्ठता का गवाह भी है। भारत जल्दी ही चंद्रमा पर अपना तीसरा मिशन चंद्रयान-3 लॉन्च कर सकता है। चंद्रयान-3; चंद्रयान-2 का उत्तराधिकारी है और यह चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग का प्रयास करेगा। इसरो के अनुसार, चंद्रयान-3 से संबंधित टीम का गठन किया जा चुका है और इस मिशन पर सुचारू रूप से कार्य प्रारंभ है। इसरो के अनुसार चंद्रयान-3 का मुख्य उद्देश्य ऐसी खोज करना है जिससे भारत के साथ ही पूरी मानवता को फायदा होगा। इन परीक्षणों और अनुभवों के आधार पर ही भावी चंद्र अभियानों की तैयारी में जरूरी बड़े बदलाव होंगे। ताकि भविष्य के चंद्र अभियानों की नई टेक्नोलॉजी को बनाने और उन्हें तय करने में मदद मिले। मिशन के मुख्य उद्देश्यों में चंद्रमा पर पानी की मात्रा का अनुमान लगाना, उसके जमीन, उसमें मौजूद खनिजों एवं रसायनों तथा उनके वितरण का अध्ययन करना, उसकी भूकंपीय गतिविधियों का अध्ययन और चंद्रमा के बाहरी वातावरण की ताप-भौतिकी गुणों का विश्लेषण है।
कुल मिलाकर चंद्रयान-3 मिशन भारत के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है साथ ही यह मिशन भविष्य में अंतरिक्ष शोध की नई संभावनाओं को भी जन्म देगा। भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में नई सफलताएं हासिल कर विकास को अधिक गति दे सकता है। देश में गरीबी दूर करने और विकसित भारत के सपने को पूरा करने में इसरो काफी मददगार साबित हो सकता है। अब समय आ गया है जब इसरो व्यावसायिक सफलता के साथ-साथ नासा की तरह अंतरिक्ष अन्वेषण और शोध पर भी ज्यादा ध्यान दे, जिससे की भारत के साथ साथ दुनिया को भी नई दिशा मिल सके।

-डॉ. शशांक द्विवेदी-

# नव वर्ष में स्त्रियों को विशेष सम्मान प्रदान करें

### राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति का महान योगदान

भारतीय संस्कृति और इतिहास में स्त्रियों को सदैव उच्च स्थान प्रदान किया गया हैद्य यह भी मान्यता मानी गई है कि जिस घर में स्त्री का सम्मान होता है, वह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो कर समाज में विशिष्ट स्थान बनाता हैद्य यही कारण है कि भारत देश को भारत माता कहा जाता हैद्य नारी तथा समस्त स्त्री जाति ने भारत देश का मान सदैव शीर्षस्थ बना कर रखा है ऐसे अनगिनत उदाहरण इतिहास में और वर्तमान में हमारे समक्ष हैं जिससे हमारा सिर सदैव वैश्विक स्तर पर ऊंचा हुआ है।
महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि %मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा%। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है,




लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी। वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यों से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है। यह कहने में कतई गुरेज नहीं है कि महिलाएं राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, चिकित्सकीय, और विज्ञान में देश के हित के लिए अग्रणी रही हैं। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को नमन करते हुए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें साधुवाद प्रदान कर उनकी इस भूमिका को प्रणाम करता है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



संजीव ठाकुर,
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

# किस किस का जिक्र कीजिए?




यह सिर्फ वर्ष 2022 की बात नहीं है, हर साल की बात है। भारत वह देश है जिसे किसी बात से फर्क नहीं पड़ता। साल आते हैं चले जाते हैं। दुनिया एक कदम आगे बढ़ती है, हम जहां खड़े हैं वहीं कदमताल करते हैं या पीछे चले जाते हैं। किसी को कोई चिंता नहीं होती। हाल में फुटबॉल का विश्व कप हुआ। दुनिया की 32 श्रेष्ठ टीमों ने उसमें हिस्सा लिया। हम कभी उसका हिस्सा नहीं रहे हैं लेकिन कोई बात नहीं है। अगली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें एशिया की आठ टीमें होंगी। तब भी नहीं पहुंचे तो कोई बात नहीं है। दुनिया की दूसरी टीमों को खेलते देख कर तालियां बजाएंगे। हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है लेकिन उसमें भी ओलंपिक का गोल्ड मेडल भारत ने 42 साल पहले 1980 में जीता था। वह भी तब जब रूस में हुए ओलंपिक आयोजन का पश्चिम के कई देशों ने बहिष्कार किया था। सोचें, 1928 से 1956 तक लगातार छह गोल्ड मेडल जीतने वाला देश 42 साल से गोल्ड नहीं जीत सका। लेकिन किसको क्या फर्क पड़ता है।
हॉलीवुड की फिल्म 'अवतार' भारत में धूम मचा रही है। भारत की किसी भी भाषा में बनी किसी फिल्म से ज्यादा कमाई हो रही है। लेकिन हम गर्व से विदेशी फिल्म की कमाई के आंकड़े शेयर कर रहे हैं। हमें इस बात की परवाह नहीं होती कि हम क्यों नहीं ऐसी फिल्में बनाते हैं! हमारे कथित शो मैन क्यों ग्रैंड फिल्मों के नाम पर भोंडी फिल्में बनाते हैं, इसकी भी हमें चिंता नहीं। 'अवतार' देखते हुए हम इस बात को लेकर आंदोलित रहते हैं कि अमुक हिंदी फिल्म के अमुक गाने में हीरोइन ने भगवा रंग की बिकनी और हीरो ने हरे रंग की कमीज कैसे पहनी? भारत का फिल्म प्रमाणन बोर्ड तो ऐसा चिंता में रहता ही है। केंद्र और राज्य सरकारों के मंत्री भी इस चिंता में रहते हैं। उनकी चिंता देख कर करोड़ों लोग आश्वस्त होते हैं कि देखों उनके चुने हुए लोग उनके भले के लिए काम कर रहे हैं। विधर्मी उनकी भावनाओं को आहत नहीं कर पाएगें।
हॉलीवुड में ऑस्कर की तैयारी चल रही है। हम इस बात से खुश हैं कि हमारे यहां की दो-तीन फिल्में शॉर्ट लिस्ट हुई हैं। लगभग सौ साल के इतिहास में भारत की सिर्फ चार फिल्में शॉर्टलिस्ट हो पाई हैं। लेकिन क्या फर्क पड़ता है। अभी नवंबर के महीने में नोबल पुरस्कारों की घोषणा हुई। हर साल की तरह इस साल भी भारत के किसी वैज्ञानिक, अर्थशास्त्री, साहित्यकार का नाम उसमें नहीं था। आखिरी बार कोई 110 साल पहले भारत को साहित्य का नोबल मिला था। फिर कभी नहीं मिला। रविंद्रनाथ टैगोर हिंदुस्तान में रह कर नोबल हासिल करने वाले पहले व्यक्ति थे और दूसरे व्यक्ति चंद्रशेखर वेंकटरमन थे। इन दोनों को अपने ओरिजिनल काम के लिए नोबल मिला। वेंकटरमन को दुनिया रमन इफेक्ट के लिए जानती है। वे एशिया के पहले व्यक्ति थे, जिसे विज्ञान की किसी शाखा का नोबल मिला था। वह भी अंग्रेजों के राज में 1930 में। आजादी के बाद न किसी को साहित्य का नोबल मिला और न विज्ञान का। आजादी के बाद मदर टेरेसा और कैलाश सत्यार्थी ही ऐसे थे, जो भारत में रह कर काम कर रहे थे। बाकी जिनको भी नोबल मिला है वे सब विदेश में रह कर किसी विदेशी संस्था के लिए काम करते थे।

-हरिशंकर व्यास-

# आओ कोविड-19 को नव वर्ष 2023 में जड़ से मिटाने का प्रण लें

कोविड उपयुक्त व्यवहार के बिना, मौज में वर्ष 2023 का स्वागत हमने किए - आओ अब अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा नियमों का पालन कर कर्तव्य निभाएं - एडवोकेट किशन भावनानी
वैश्विक स्तरपर वर्ष 2023 का जोरदार ढंग से स्वागत हर देश ने अपने अपने स्तर पर खुशियां मना कर किए। जिन देशों में कोविड-19 लहर के नएवेरिएंट की तीव्रता छाई हुई है वहां अपेक्षाकृत गमों का मातम छाया रहा जैसा कि टीवी चैनलों पर दिखाया गया। परंतु भारत में पश्चिम पूर्व से पश्चिम तक, उत्तर से दक्षिण तक और कश्मीर से कन्याकुमारी तक नव वर्ष 2023 का जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। एक टीवी चैनल पर वर्ष 2023 का 23 रिपोर्टरों के माध्यम से अनेक राज्यों की नव वर्ष मनाने की ग्राउंड रिपोर्ट दिखाई गई, जहां भारत के नागरिक तो बहुत उत्साहित दिख रहे थे पर विदेशों से भी भारी संख्या में नागरिक दिखाए गए जो अपने गृह राज्य में नए साल की खुशियां परिवार के साथ मनाने आए थे। 2 वर्षों के बाद नव वर्ष 2023 का जश्न मनाने का मौका मिला था। चूंकि पिछले 2 वर्षों से कोविड महामारी की विभिशक्ता के चलते केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा सख्त प्रतिबंधों का पालन कराया जा रहा था, परंतु 2023 हर भारतीय नागरिक के लिए मानों खुशियों की सौगात लाया हो, बूढ़े से बच्चे तक हर व्यक्ति काफी खुश देख रहे थे। मैंने अपने निवास स्थान की छत से देखा तो चारों तरफ रात्रि 12 बजे पटाखों की धमाचौकड़ी व आवाजें सुनाई और दिखाई दी सारा देश मानों सुप्रीम कोर्ट का 10 बजे वाला आदेश अपनी मौज मस्ती में भूल सा गया था, वहीं शासन-प्रशासन भी कोविड उचित व्यवहार का पालन करवाना मानों भूल गया था या फिर जनता को खुशियां मनाने का एक मौका देना चाहता था। खैर जो भी हो लेकिन हमनें वर्ष 2023 का स्वागत कर जश्न में डूबे और चारों तरफ खुशियां ही खुशियां बांटे और अपनी खुशियों की सुगंध बिखेरे। परंतु अब हमें सतर्क रहना है क्योंकि कोविड अभी गया नहीं है बल्कि तेज़ी से फैल रहा है जिसका परिणाम हम चीन सहित कुछ देशों में देख रहे हैं। 1 जनवरी 2023 से भारत ने भी कुछ देशों से आने वालेयात्रियों पर कुछ नियमों को लागू किया है, इसलिए अब हर नागरिक का कर्तव्य बन जाता है कि हम कोविड उपयुक्त व्यवहार को पालन करने में सहभागिता निभाएं और ऐसा प्रण करें कि वर्ष 2023 के प्रथम 6 माह में ही कोविड को जड़ से मिटा दें। लेकिन यह सब हम सबके मिलकर सहभागिता से करना संभव होगा।
साथियों बात अगर हम तेजी से फैल रहे कोरोना महामारी के नए वेरिएंट बीएफ-7 की भारत में तैयारियों की करें तो पिछले कई दिनों से हम मीडिया के माध्यम से देख सुन रहे हैं कि माननीय पीएम और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हाई लेवल की मीटिंग कर रहे हैं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टरों, फर्मेसिटिकल क्षेत्र के महत्वपूर्ण लोगों से जुड़े संगठनों सहित अनेक क्षेत्रों से जुड़े संगठनों जिनका कोविड-19 से लड़ाई करने में सहभागिता लाभदायक है, सभी कर पुरजोर कोशिश कर रहे हैं कि भारत को सुरक्षित रखा जाए और फैलने पर सभी स्वास्थ्य सेवाओं को अलर्ट कर दिया गया है। परंतु हम जनता का भी अब कर्तव्य बन जाता है कि हम भी इन तैयारियों रूपी यज्ञ में अपनी सहभागिता रूपी आहुति अर्पण करें, क्योंकि शासन ने हमें 2023 वर्ष मनाने में सहयोग किया कोई सख्ती नहीं की, अब बारी हमारी है कि कोविड नियमों का पालन कर सहभागिता कर शासन को सहयोग करें।
साथियों बात अगर हम कोरोना महामारी से लड़ाई में जनता के सहयोग की करें तो, कोरोन की लड़ाई हमेशा लोगों द्वारासंचालित रही है। देश में समय-समय पर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है कि एक सौ पैतीस करोड़ लोग एक साथ क्या कर सकते हैं। जनता कर्फ्यू के साथ महामारी से लड़ने से लेकर दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीन अभियान में योगदान देने तक, भारत पूरे जोश के साथ इस वायरस के खिलाफ प्रमुख सुरक्षा में वायरसों से लड़ा है। हम 2023 में प्रवेश कर चुके हैं और हम ओमिक्रॉन बीएफ़-7 की चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस लड़ाई को नए सिरे से ऊर्जा और ताकत की जरूरत है। हमें एक बार फ़िर एक साथ आने की जरूरत है, ताकि वायरस के प्रसार को रोका जा सके और अपने लोगों की रक्षा जा सके। वायरस के खिलाफ प्रमुख सुरक्षा में से एक मास्क का उपयोग, हाथ धोने, सामाजिक दूरी और बंद स्थानों को हवादार करने के साथ कोविड के उचित व्यावहार का पालन करना है।
साथियों बात अगर हम केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 31 दिसंबर 2022 को पीआईबी में जारी कोविड-19 अपडेट की करें तो, राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक कुल 220.10 करोड़ (95.13 करोड़ दूसरी डोज और 22.40 करोड़ प्रीकॉशन डोज) टीके लगाए जा चुके हैं। बीते चौबीस घंटों में 91,732 टीके लगाए गए। भारत में सक्रिय मरीजों की संख्या 3,653 है। सक्रिय मामलों की दर 0.01 प्रतिशत है। स्वस्थ होने की वर्तमान दर 98.8 प्रतिशत है। बीते चौबीस घंटों में 179 लोग स्वस्थ हुए,अब तक स्वस्थ हुए कुल लोगों की संख्या 4,41,44,029 है। पिछले 24 घंटों में 226 नए मामले सामने आए। दैनिक सक्रिय मामलों की दर 0.12 प्रतिशत है। साप्ताहिक सक्रिय मामलों की दर 0.15 प्रतिशत है। अब तक 91.07 करोड़ जांच की जा चुकी हैं,बीते चौबीस घंटों में 1,87,983 जांच की गई।
साथियों सच ही है, आइए नव वर्ष में हम कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन कर अपने स्वस्थजीवन को समृद्ध बनाएं क्यों कि हमें विश्वास है कि नव वर्ष की नव प्रभात की ऊर्जावान किरणें हमारे जीवन में नई खुशियां, नए लक्ष्य, नई प्रेरणाएं और ढेर सारी उपलब्धियां लेकर आई हैं। आइए इस अवसर पर हम सभी राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं समावेशी विकास के लिए भी संकल्प लें। कोरोना महामारी को जड़ से मिटा कर देश की प्रगति यात्रा को सुनिश्चित करते हुए अपने प्रयासों को नए जोश और उत्साह के साथ जारी रखने का प्रण लें। आइए, हम भारत को प्रगति और समृद्धि की नई ऊचाइयों तक ले जाने के संकल्प के साथ प्रण करें।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना



एडवोकेट
किशन
सनमुखदास
भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

समाचार पत्र में छपे समाचार
एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है।
हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना।
सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# भारतीय क्रिकेट टीम वर्ष 2023 में खेलेगी ये सीरीज



**नयी दिल्ली,01 जनवरी 2023।**भारतीय क्रिकेट टीम वर्ष 2023 में कई खास टूर्नामेंटों में हिस्सा लेने वाली है जिसमें विश्व कप और एशिया कप जैसे टूर्नामेंट का होना भी शामिल है। भारतीय टीम इस वर्ष सबसे पहली सीरीज श्रीलंका के खिलाफ खेलने वाली है। तीन जनवरी से घरेलू सीरीज का आयोजन होगा

### इन टीमों से भिड़ेगी टीम

भारतीय क्रिकेट टीम इस बार श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज़ के साथ सीरीज खेलेगी। भारत को इस वर्ष कई घरेलू सीरीज खेलनी है। वहीं कुछ मुकाबले विदेशी सरजमीं पर भी खेले जाएंगे।

ऐसा रहेगा भारतीय टीम का शेड्यूल

### जनवरी में श्रीलंका का दौरा

- पहला टी20- 3 जनवरी, मुंबई
- दूसरा टी20 - 5 जनवरी, पुणे
- तीसरा टी20 - 7 जनवरी, राजकोट
- पहला वनडे - 10 जनवरी, गुवाहाटी
- दूसरा वनडे - 12 जनवरी, कोलकाता
- तीसरा वनडे - 15 जनवरी, तिरुवनंतपुरम

### न्यूज़ीलैंड का भारत दौरा (जनवरी-फरवरी)

- पहला वनडे- 18 जनवरी, हैदराबाद
- दूसरा वनडे- 21 जनवरी, रायपुर
- तीसरा वनडे - 24 जनवरी, इंदौर
- पहला टी20- 27 जनवरी, रांची
- दूसरा टी20- 29 जनवरी, लखनऊ
- तीसरा टी20- 1 फरवरी, अहमदाबाद

### ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा (फरवरी-मार्च)

- पहला टेस्ट- 9 से 13 फरवरी, नागपुर
- दूसरा टेस्ट- 17 से 21 फरवरी, दिल्ली
- तीसरा टेस्ट- 1 से 5 मार्च, धर्मशाला
- चौथा टेस्ट - 9 से 13 मार्च, अहमदाबाद
- पहला वनडे- 17 मार्च, मुंबई
- दूसरा वनडे- 19 मार्च, विशाखापत्तनम
- तीसरा वनडे- 22 मार्च, चेन्नई

इस सीरीज के बाद आईपीएल का आयोजन होगा। संभावना है कि आईपीएल का आयोजन अप्रैल और मई के महीने में किया जाएगा। हालांकि अब तक आईपीएल की तारीख सामने नहीं आई है।

### भारत का वेस्ट इंडीज दौरा

भारतीय टीम आईपीएल के बाद जुलाई और अगस्त के महीन में वेस्टइंडीज के साथ खेलेगी। इस सीरीज में 2 टेस्ट, 3 वनडे और 3 टी20 मैच खेले जाएंगे। इस सीरीज के लिए अब तक आधिकारिक तौर पर शेड्यूल जारी नहीं हुआ है।

एशिया कप (सितंबर)

एशिया कप 2023 इस वर्ष के अहम टूर्नामेंट में से एक है। हालांकि अब तक एशिया कप 2023 के लिए स्थान और तारीख की घोषणा नहीं की गई है। एशिया कप का शेड्यूल अब तक जारी नहीं हुआ है। शेड्यूल बाद में जारी होगा। एशिया कप का आयोजन पाकिस्तान में होना है। भारत की तरफ से साफ हो चुका है कि भारतीय टीम पाकिस्तान में एशिया कप में हिस्सा लेने नहीं जाएगी।

### ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज (सितंबर)

भारत को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। इस दौरान टीम तीन वनडे मुकाबले खेलेगी। अब तक इस सीरीज के लिए मुकाबलों की तारीख की घोषणा नहीं हुई है।

### विश्व कप (10 अक्टूबर- 26 नवंबर)

वनडे विश्व कप 2023 का आयोजन भारत में किया जाएगा। इस वर्ष का सबसे बड़ा टूर्नामेंट वनडे विश्व कप है। इस विश्व कप में 48 मुकाबले खेले जाएंगे।

### ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा (नवंबर-दिसंबर)

इस दौरान दोनों टीमों के बीच पांच टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। इस सीरीज को लेकर स्थान और तारीखों की घोषणा अभी नहीं हुई है।

### भारत का साउथ अफ्रीका दौरा (दिसंबर-जनवरी 2024)

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच हर फॉर्मेट में सीरीज खेली जाएगी। इसमें 2 टेस्ट, 3 वनडे और 3 टी20 मैच खेले जाएंगे। हालांकि अभी इस टूर के लिए भी शेड्यूल जारी नहीं किया गया है।

# वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर नामांकित

**नयी दिल्ली,01 जनवरी 2023।** जाते साल के आखिरी दिन खबरों से भरपूर रहे। इनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां का निधन, दुनियाभर में फुटबॉल के भगवान माने जाने महान पेले का निधन और सड़क दुर्घटना में ऋषभ पंत के घायल होने जैसी बड़ी खबरों के बीच खेल के पन्ने पर छपी एक कॉलम की खबर देखने में तो छोटी थी, पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना के लिए बहुत बड़ी थी। दरअसल उन्हें एक बार फिर आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है। कहने को यह नामांकन भर है और बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज के सामने दुनिया की बेहतरीन खिलाड़ियों से बाजी मार लेने की चुनौती है।

आईसीसी ने 2022 के लिए 'वुमन क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड' के लिए कुल चार महिला खिलाड़ियों को नामांकित किया है। इनमें मंधाना के अलावा इंग्लैंड की ऑलराउंडर नैट सीवर, न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर और ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। वैसे मंधाना के इस साल के प्रदर्शन को देखें तो उनके विजेता होने के आसार ज्यादा नजर आते हैं। मंधाना ने 2022 में भारत के लिए टी20 में 594 रन बनाए और उनसे ज्यादा रन दुनिया में किसी ने नहीं बनाए। इसी तरह एकदिवसीय क्रिकेट में 696 रन के साथ वह दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनीं।

स्मृति ने इस साल दो बड़े टूर्नामेंट- महिला वनडे वर्ल्ड कप और राष्ट्रमंडल खेलों में अपने बल्ले का जौहर दिखाया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रारंभिक जीवन और शिक्षा की बात करें तो महाराष्ट्र के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखने वाली स्मृति मंधाना का जन्म 18 जुलाई 1996 को मुंबई में श्रीनिवास और स्मिता मंधाना के यहां हुआ। स्मृति बहुत छोटी थीं, जब उनका परिवार सांगली जिले के माधवनगर में जाकर बस गया। उन्होंने अपने पिता और भाई को बहुत छुटपन से ही जिला स्तर पर क्रिकेट खेलते हुए देखा तथा बैट, बॉल, विकेट, पैड और ग्लव्ज के साथ उनकी पहचान बहुत जल्दी हो गई। पहचान हो तो दोस्ती होते वक्त नहीं लगता।




देखते ही देखते स्मृति ने बल्ले के साथ अपनी दोस्ती बढ़ा ली और उनके भाई ने उनके लिए गेंदबाजी करके उन्हें बल्लेबाजी का अभ्यास कराया। इसी का नतीजा था कि मात्र नौ साल की उम्र में उन्हें महाराष्ट्र की अंडर 15 टीम में चुन लिया गया। अभी 11 बरस की ही हुई थीं कि महाराष्ट्र की अंडर-19 टीम में उनका चयन हो गया। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन और आक्रामक बल्लेबाजी को देखते हुए उन्हें 2014 में महिला टेस्ट क्रिकेट टीम में शामिल किया गया। स्मृति का परिवार उनके खेल को बेहतर बनाने के लिए अपनी ओर से लगातार प्रयास करता है।

मां स्मिता जहां उनकी डाइट, उनके कपड़े और अन्य जरूरतों का ख्याल रखती हैं, वहीं भाई अब भी नेट में गेंदबाजी करते हैं। पिता केमिकल का कारोबार करने के साथ साथ स्मृति के क्रिकेट कार्यक्रम का प्रबंधन करने की जिम्मेदारी भी संभालते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में स्मृति मंधाना की शानदार बल्लेबाजी की चमक जब तब दिखाई देती रहती है और बहुत मुमकिन है कि एक बार फिर वह आईसीसी की तरफ से वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर करार दी जाएं।



## आंद्रीस्कू ने एडिलेड इंटरनेशनल में मुगुरुजा को हराया

**एडिलेड ,01 जनवरी 2023।** कनाडा की बियांका आंद्रीस्कू ने रविवार को यहां एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्पेन की गरबाइन मुगुरुजा को एक संघर्षपूर्ण मैच में 0-6, 7-6 (3), 6-1 से हराया। अमेरिकी ओपन में 2019 की चैंपियन आंद्रीस्कू एक समय 0-6, 2-5 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की और दो घंटे 12 मिनट तक चले मैच में जीत दर्ज की। आंद्रीस्कू ने इस जीत से मुगुरुजा के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 3-0 कर दिया। आंद्रीस्कू ने बाद में कहा,'' मैंने दूसरे सेट में अपनी रणनीति बदली। मैंने स्वयं से कहा जो कुछ भी हो जाए तुम्हें अपनी रणनीति पर अडिग रहना है।''

इस टूर्नामेंट में सभी की निगाहें पुरुष एकल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पर टिकी रहेंगी जो सोमवार को पहले दौर के मैच में फ्रांस के कॉन्स्टेंट लेस्टीन से भिड़ेंगे। जोकोविच को कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराने के कारण पिछले साल ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था। जोकोविच ने 2007 में 19 साल की उम्र में एडिलेड इंटरनेशनल का खिताब जीता था जो उनका तीसरा एटीपी टूर खिताब था।

## आस्ट्रेलिया श्रृंखला में नहीं खेल पायेंगे पंत



**नयी दिल्ली,01 जनवरी 2023।** कार दुर्घटना के बाद ऋषभ पंत के 'लिगामेंट टीयर' के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है लेकिन अगर बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सूत्रों की मानें तो वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की आगामी श्रृंखला में नहीं खेल पायेंगे। पंत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से लंबे समय तक बाहर हो सकते हैं और इस समय कोई भी तारीख बताना जल्दबाजी होगी। नयी चयन समिति के लिये बॉर्डर गावस्कर ट्राफी के लिये दो विकेटकीपर बल्लेबाजों का चयन सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक होगा।

## श्रीलंकाई टीम सफेद गेंद के दौरे पर भारत के लिए रवाना

**कोलंबो [श्रीलंका] ,01 जनवरी 2023।**श्रीलंका की सफेद गेंद वाली क्रिकेट टीम भारत के अपने दौरे के लिए देश रवाना हो गई है, जो मंगलवार से शुरू हो रहा है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने खबर साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।

एसएलसी ने ट्वीट किया, दासुन शनाका की अगुवाई वाली श्रीलंका की सीमित ओवर टीम भारत दौरे पर जाने के लिए थोड़ी देर पहले एसएलसी मुख्यालय परिसर से रवाना हुई। ÷

श्रीलंका क्रिकेट चयन समिति ने बुधवार को भारत के आगामी सफेद गेंद श्रृंखला दौरे में भाग लेने के लिए 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की। दासुन शनाका भारत के खिलाफ श्रीलंका की टी20ई और वनडे टीम का नेतृत्व करेंगे, जबकि कुसल मेंडिस वनडे में उनके डिप्टी की भूमिका निभाएंगे।

इस दौरे में तीन ञ्20ढ्ढ और कई ह्रष्ठढ्ढ शामिल हैं। श्रीलंका तीन जनवरी से 15 जनवरी तक तीन टी20 और तीन वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा करेगा।

सीरीज का पहला मैच 3 जनवरी 2023 को मुंबई में होगा जबकि दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः 5 और 7 जनवरी को पुणे और राजकोट में होगा। वनडे क्रमश- 10, 12 और 15 जनवरी को गुवाहाटी, कोलकाता और त्रिवेंद्रम में होंगे।

इससे पहले मंगलवार को बीसीसीआई ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा की।भारत दौरे के लिए श्रीलंका की टीम- दसुन शनाका (कप्तान), पाथुम निस्संका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समरविक्रमा, कुसल मेंडिस (वनडे के लिए वी-सी), भानुका राजपक्षे (केवल टी-20 के लिए), चरिथ असलंका, धनंजया डी सिल्वा, वानिन्दु हसरंगा (वी-सी) ञ्20ढ्ढह्य), एशेन बंडारा, महेश ठीकशाना, जेफरी वांडरसे (केवल ह्रष्ठढ्ढ के लिए), चमिका करुणारत्ने, दिलशान मदुशंका, कसुन राजिथा, नुवानिडु फर्नांडो (केवल ह्रष्ठढ्ढ के लिए), डुनिथ वेलालेज, प्रमोद मदुशन, लाहिरू कुमारा और नुवान तुषारा (केवल ञ्20ढ्ढ के लिए) .

श्रीलंका ञ्20ढ्ढ के लिए भारत की टीम- हार्दिक पांड्या (कप्तान), इशान किशन (2द्म), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (ङ्कष्ट), दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, उमरान मलिक, शिवम मावी और मुकेश कुमार शामिल हैं।




## प्रभास की सालार केजीएफ फेंचाइजी से होगी बड़ी,मेकर्स ने किया दावा

केजीएफ चैप्टर 1 और केजीएफ चैप्टर 2 जैसी धमाकेदार फिल्में देने वाली प्रोडक्शन कंपनी हम्बेल फिल्म्स सालार का निर्माण कर रही है। प्रशांत नील को निर्देशन की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें साउथ अभिनेता प्रभास मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म अगले साल 28 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अब हम्बेल फिल्म्स के संस्थापक विजय किरागंदूर और चालुवे गौड़ा ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि उनकी सालार ब्लॉकबस्टर फिल्म फेंचाइजी केजीएफ से बड़ी होगी। विजय और चालुवे ने कहा, करीब फिल्म की 80 फीसदी शूटिंग हो चुकी है। केवल क्लाइमेक्स बाकी है, जिसे हम जनवरी में पूरा करेंगे। यह हमारी अब तक की किसी भी अन्य फिल्म से बड़ी होगी। प्रभास के अलावा फिल्म में अभिनेत्री श्रुति हासन अपने अभिनय का तड़का लगाएंगी। इसे हिंदी, तमिल और मलयालम भाषा में रिलीज किया जाएगा। बता दें, केजीएफ की दोनों फिल्मों का बजट लगभग 180 करोड़ रुपये था।



## जॉली भाटिया हैं बेहद ही बोल्ड

गंदी बात 4 फेम एक्ट्रेस जॉली भाटिया ने इस सीरीज में बोल्डनेस का ऐसा तड़का लगाया था कि फैंस उनकी हर अदा पर अपना दिल हार बैठे थे। एक्ट्रेस जॉली भाटिया जितनी बेबाकी से वेब सीरीज में इंटिमेंट सीन्स करती नजर आई उतनी ही बेबाकी से इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरें पोस्ट करने से भी पिछे नहीं हटती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जॉली भाटिया की लेटेस्ट फोटोज ने इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। ऑल्ट बालाजी की गंदी बात 4 वेब सीरीज में बोल्डनेस का तड़का लगाने वाली एक्ट्रेस जॉली भाटिया इन दिनों खूब चर्चाएं बटौर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस जॉली भाटिया की लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही हैं जिसमें वो बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। जॉली भाटिया सिर्फ गंदी बात वेब सीरीज में ही नहीं बल्कि क्राइम अलर्ट और सावधान इंडिया जैसे शो में भी दिखाई दे चुकी हैं। एक्ट्रेस जॉली भाटिया को असली पहचान एकता कपूर के सीरियल नजर और वेब सीरीज गंदी बात से मिली है। जॉली भाटिया आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज शेयर कर के आए दिन फैंस के दिलों पर खंजर चलाने का काम करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने गंदी बात 4 सीरीज में पाखी नाम की लड़की का किरदार निभाया था जिसमें दर्शकों ने उनकी एक्टिंग को काफी पसंद भी किया था। जॉली भाटिया बेहद ही पॉपुलर एक्ट्रेसेस में से एक हैं और उनकी फैन फॉलोइंग की लिस्ट भी काफी बढ़ती ही जा रही है। एक्ट्रेस आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं जिसे देख कर फैंस आहें भरने लगते हैं।






## रवि तेजा की तेलुगु फिल्म क्रैक की हिंदी रीमेक में रणवीर सिंह आएंगे नजर

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह के लिए यह साल अच्छा नहीं रहा है। उनकी हालिया कई फिल्में सिनेमाघरों में नहीं चल पाई। अब सुनने में आ रहा है कि वह साउथ स्टार रवि तेजा की तेलुगु फिल्म क्रैक की हिंदी रीमेक में नजर आएंगे। क्रैक पिछले साल रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। क्रैक की रीमेक में रणवीर मुख्य भूमिका में पर्दे पर नजर आ सकते हैं।




रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऑरिजनल फिल्म के निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म को टॉलीवुड के प्रमुख प्रोडक्शन वेंचर मिथ्री मूवी मेकर्स और अल्लू अरविंद की गीता आर्ट्स द्वारा प्रोड्यूस किया जाएगा। हालांकि, अभी इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बता दें कि हाल में आई सर्कस, 83 और जयेशभाई जोरदार जैसी रणवीर की फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों ने नकार दिया।












C M Y K

